## महत्वपूर्ण एवं खास

### पत्रकार के हत्यारे ठेकेदार का लायसेंस निलंबित

**रायपुर (आरएनएस)।** पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद अब शासन स्तर पर कार्रवाई होनी शुरू हो गई है. इस कड़ी में लोक निर्माण विभाग ने उसका अ वर्ग ठेकेदार के पंजीयन क्र.6088 दिनांक 06.0&.2020 ) को निलंबित कर दिया है. लोक निर्माण विभाग की ओर से सोमवार को जारी आदेश में बताया गया कि मुख्य अभियंता, बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर ने विभाग में पंजीकृत अ वर्ग ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मुख्य आरोपी के रूप में गिरफ्तार किए जाने पर पंजीयन को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की थी. इस अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने सुरेश चंद्राकर के अ वर्ग पंजीयन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### सुकमा में भी ब्लास्ट की थी तैयारी, दो गिरफ्तार

**सुकमा-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षाबलों के ताबड़तोड़ ऐक्शन से बौखलाए नक्सलियों ने सोमवार को बीजापुर में एक शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ब्लास्ट को अंजाम दिया। ब्लास्ट में डीआरजी के 8 जवान और 1 वाहन चालक शहीद हो गए। बीजापुर की तरह सुकमा में भी जवानों को निशाना बनाने के लिए आईईडी प्लांट किया था, लेकिन सुरक्षाबलों ने इसे नाकाम करते हुए 2 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।बता दें कि इस कार्रवाई को साइबर सेल, नक्सल सेल की टीम, थाना पोलमपल्ली सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। पकड़े गए नक्सलियों ने दोरनापाल-जगरगुंडा मार्ग पर 15-15 किलो के दो ढ़ढश्वष्ठ प्लांट किए थे, जिन्हें बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं।

### करंट लगने से हाथी की मौत, सीएसईबी कर्मी पर कार्यवाई, विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर

**कोरबा (आरएनएस)।** वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में करंट की चपेट में आकर एक हाथी की मौत हो गई। इस घटना में विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर हुई है। वन विभाग की जांच में पुष्टि हुई है कि गिद्धकुंवरी जंगल में जहां यह हादसा हुआ, वहां पहले से ही विद्युत व्यवस्था खराब थी। जांच के बाद सीएसईबी के सहायक ग्रेड-2 कर्मी गौतम आमटे को आरोपी बनाया गया है। स्थानीय लोगों और वन विभाग ने बताया कि करंट प्रवाह को लेकर पहले भी विद्युत विभाग को शिकायत दी गई थी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। लापरवाही के चलते हाथी को अपनी जान गंवानी पड़ी। हाथी की मौत से क्षेत्रीय लोगों में गुस्सा है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही न केवल वन्यजीवों के लिए बल्कि इंसानों के लिए भी खतरा बन गई है। लोगों ने इस घटना के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती से 3 लाख की अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** एम्स अस्पताल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 37 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दुर्गेश्वरी साहू 28 वर्ष भाठागांव पुरानी बस्ती की रहने वाली है। प्रार्थिया ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि आरोपी रितेश्वर भूमरकर से उसका परिचय फेसबुक के माध्यम से हुआ था। आरोपी ने प्रार्थिया को एम्स अस्पताल में नर्स की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 37 हजार रुपए ऐंठ लिया। जब नौकरी नहीं दिलवा पाया तो प्रार्थिया ने अपना पैसा वापस मांगा। पैसे वापस नहीं देने पर प्रार्थिया ने इसकी शिकायत आमानाका थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री साय ने शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि : परिजनों से भेंट कर भावुक हुए मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने कहा - नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर भी प्रहार
- किसी भी हाल में हिंसा और आतंक को सहन नहीं किया जाएगा, नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर रहेगा जारी - मुख्यमंत्री



**रायपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाइन में सोमवार को बीजापुर जिले के कुटरू-बेदरे मार्ग पर ग्राम अंबेली में आईडी ब्लास्ट में शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कदम पर राज्य सरकार उनके साथ है।

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, विधायक बीजापुर विक्रम मण्डावी, पूर्व सांसद दीपक बैज, पूर्व विधायक देवती कर्मा सहित डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी., डीआईजी द्वय कमलोचन कश्यप एवं अमित काम्बले, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

मुख्यमंत्री साय सहित उपमुख्यमंत्री एवं वन मंत्री ने शहीद जवान बामन सोढ़ी के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया। साथ ही अन्य शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव को उनके गृह ग्राम रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर प्रहार है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसी भी हाल में हिंसा और आतंक को सहन नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार बस्तर संभाग में शांति स्थापित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और मार्च 2026 तक प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त होकर ही रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से डीआरजी के 8 जवान सहित एक वाहन चालक शहीद हो गए।

**शहीदों के पार्थिव शरीर को सीएम ने दिया कंधा-** नक्सलियों द्वारा सोमवार को बीजापुर जिले में कुटरू (अबेली गांव) में किए गए आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए आठ जवानों को श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दंतेवाड़ा पहुंचे हैं. मुख्यमंत्री साय ने अंतिम यात्रा से पहले शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। कारली पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के साथ पुलिस के आला अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे.

## जनसमस्याओं के निराकरण के लिए हर मंगलवार लग रहा जनदर्शन

**रायगढ़**



जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित हुआ। जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी समस्याएं एवं मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता के आधार पर इनका समाधान सुनिश्चित करें। जनदर्शन में आज जनसामान्य ने भूमि और राजस्व से संबंधित विवाद, जमीन के दस्तावेज, नामांतरण, सीमांकन सहित सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे पेंशन, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं से संबंधित आवेदन दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चांदमारी रायगढ़ के मो.साबिर इलेक्ट्रीकल ट्राई सायकल की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि नि:शक्तजन होने के कारण उन्हें कही भी आने-जाने में काफी दिक्कते होती है और हर समय किसी का सराहा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रीकल ट्राई सायकल मिलने से वे बिना किसी अन्य के सहारे आना-जाना कर सकते है। इसी तरह वार्ड नं.3 मंगलूडीपा के चंदन शर्मा दिव्यांग राशि दिलाए जाने के संबंध में आए थे। उन्होंने कहा कि उनका पुत्र आयुष कुमार जो कि बचपन से ही दिव्यांग है, लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें किसी भी प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने अपने पुत्र के लिए दिव्यांगता राशि दिलाए जाने के संबंध में निवेदन किया। वार्ड नं 9 रियापारा के मोहल्लेवासी सामुदायिक भवन के पुन: निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यहां बने सामुदायिक भवन को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना जानकारी के हमर क्लीनिक बनाने हेतु तोड़ दिया था। सामुदायिक भवन के न होने से यहां के रहवासियों को कई छोटे-मोटे कार्यो के लिए परेशानी होती है। अवैध उत्खनन रूकवाने के संबंध में अमलीभौना के रहवासियों जनदर्शन में आए थे। उन्होंने बताया कि अमलीभौना वार्ड क्रमांक 42 में शासकीय व नजूल भूमि में अवैध रूप से मुरूम खनन किया जा रहा है तथा भूमि में हरे-भरे पेड़ों को भी काटा जा रहा है।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति माध्य.शाला बर्रा के अध्यक्ष शिक्षक व्यवस्था के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि शा.मा. वि.बर्रा में शिक्षकों की कमी की वजह से वहां अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित हो रहा है। जिसकी वजह से वहां के विद्यार्थी पढ़ाई के क्षेत्र में पीछे हो रहे है। ग्राम-चपले के करमचंद केवट प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए। तहसील घरघोड़ा के ग्राम-बिजारी निवासी दामोदर साहू जमीन का क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए। उन्होंने कहा कि एसईसीएल बरौद द्वारा उनके खेत में मिट्टी डंप किया गया है। जिससे खेती-किसानी में नुकसान हो रहा है।

## भारतीय वायु सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 जनवरी तक

**सुकमा (आरएनएस)।** जिला रोजगार एवं स्व-रोजगार मार्गदर्शन केंद्र सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना में अग्निवीर(वायु) की भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ के योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी इंडियन एयरफोर्स की वेबसाईट ीजजचेरू//हदपचंजीअंलन.बकंब.पद में 7 जनवरी से 27 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिले के ऐसे सभी अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार जो भारतीय वायु सेना में भर्ती होना चाहते हैं उपरोक्त वेबसाईट में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करके भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

भर्ती कार्यालय के द्वारा सभी उम्मीदवारों को जालसाजों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। भारतीय वायु सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता के आधार पर होता है।

## नीलगाय का शिकार कर खाया मांस,6 आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर । आरएनएस**

जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के छतवा गांव में नीलगाय का शिकार करने वाले 6 आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जंगल में नीलगाय का शिकार विद्युत करंट लगाकर किया था। इस घटना में शामिल आरोपियों के पास से नीलगाय का मांस, जीआई तार और कुल्हाड़ी बरामद की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के, छतवा गांव के जंगल में कुछ लोगों ने नीलगाय का शिकार किया है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शिकार करने के लिए जीआई तार में विद्युत करंट प्रवाहित कर नीलगाय को मार गिराया। पुछताछ में आरोपियों ने बताया कि नीलगाय ने गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया था जिससे क्रोधित आरोपियों ने नीलगाय का शिकार कर दिया और मांस को अपने दोस्तों के साथ बांटकर खाने में जुट गए। टीम ने आरोपियों से नील गाय की सिर और 30 किलो मांस भी जब्त किया गया है। मामले में लक्ष्मी प्रसाद (45 वर्ष),विश्वनाथ रवि (60 वर्ष),विश्वनाथ रवि (22 वर्ष),पन्ना लाल रवि (28 वर्ष),कन्हाई प्रसाद कुर्रे (47 वर्ष)तथा विजय रवि (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। मामले में रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के एसडीओ संतोष पांडे ने कहा कि आरोपियों ने नीलगाय को मारकर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम का गंभीर उल्लंघन किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सायको किलर ने किए चौकाने वाले खुलासे, तंत्र-मन्त्र की आड़ में नकली नोट छापने का करता था काम

**रायपुर । आरएनएस**



रायपुर-धमतरी के तीन लोगों की हत्या करने वाले दुर्ग स्थित धनोरा के कंप्यूटर सेंटर संचालक सुखवंत साहू उर्फ सुखू से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। उसने दुर्ग के पाटन, अम्लेश्वर और नागपुर में तीन लोगों की हत्या की बात कबूल की है।

आरोपी ने सभी को धनवर्षा का झांसा दिया था। उनसे दो-दो लाख रुपए लिए थे। उनके घर पर तंत्र पूजा किया, लेकिन धनवर्षा नहीं हुई। इसलिए तीनों उससे अपना पैसा मांग रहे थे। आरोपी ने सभी को जहर देकर मारने की जानकारी दी है। पुलिस की टीम तीनों जगह जांच के लिए पहुंची वहां के थाने में तीनों की हत्या या गुम इंसान की कोई शिकायत नहीं है। पुलिस अब भी तीनों मामलों की जांच कर रही है।

आरोपी के घर से प्रिंटिंग मशीन मिली है। मोबाइल पर नकली नोट छापने का वीडियो भी मिला। आरोपी ने कबूल किया है कि वह प्रिंट का भी काम करता था। पुलिस को शक है कि आरोपी धनवर्षा का झांसा देकर लोगों को नकली नोट थमा देता था। इसलिए लोग उस पर भरोसा करने लगे थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभनपुर खोरपा निवासी नरेंद्र साहू की हत्या मामले में आरोपी सुखवंत को गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को प्रोडक्शन वारंट में लाने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई जाएगी। आरोपी को रायपुर लाकर पूछताछ की जाएगी। जल्द ही नवा रायपुर राखी निवासी हंसाराम साहू की मौत पर हत्या का केस दर्ज किया जाएगा।

## नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख की ठगी,आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार । आरएनएस**



एक युवती को सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख रूपये की ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई कि एक युवक ने उसे नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख रूपये ठग लिया तथा न नौकरी लगाई और न ही रकम वापस कर रहा है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में वह ऑफिसर ट्रेनिंग कोर्स हेतु हैदराबाद गई थी, जहां पर उसकी जान पहचान राकेश देवांगन उम्र 34 वर्ष निवासी नयापारा थाना हथबंद से हुई। उसी समय छत्तीसगढ़ प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड रायपुर द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर का विज्ञापन निकला था, जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नौकरी लगवा देने की बात किया गया तथा इसके एवज में 2 लाख 50 हजार रूपये की मांग किया गया। जिसमें प्रार्थिया द्वारा दिनांक 02.06.2023, 03.06.2023, 29.01.2024 एवं 22.02.2024 को अलग-अलग किस्तों में फ ोन-पे एवं बैंक अकाउंट में जमा आदि के माध्यम से कुल 2 लाख 45 हजार रूपये राकेश देवांगन को दिया गया था। किंतु इसके बाद भी प्रार्थिया की नौकरी नहीं लगी। और राकेश देवांगन पैसा भी वापस नहीं कर रहा है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 13/2025 धारा 420 भादवि, 66ष्ठ आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राकेश देवांगन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थिया से अलग-अलग किस्तों में 2,45,000 रकम लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 07.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## लखपति दीदी पहल : विश्रामपुरी की बिहान से कोंडागांव के विश्रामपुरी की इश्वरी बनी लखपति दीदी

- विश्रामपुरी की ईश्वरी ने बिहान से जुड़ कर बदली अपनी तक़दीर

**रायपुर । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई लखपति दीदी पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक उल्लेखनीय माध्यम बन रही है। यह पहल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोडक़र उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनकी वार्षिक आय को एक लाख रुपये से अधिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस पहल ने देशभर में हजारों महिलाओं की जिंदगी बदली है उन्ही में से एक हैं कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी की इश्वरी मरकाम।

कोण्डागांव जिले के विश्रामपुरी की इश्वरी मरकाम आज बिहान से जुडक़र अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल बनी है। इश्वरी 2017 में समूह से जुड़ी हैं और आजीविका के छोटे-छोटे गतिविधियां कर आज अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ की है। इश्वरी अपने पति और दो बच्चों के साथ छोटा परिवार में रहती हैं। उनके पति कृषि कार्य करते हैं, लेकिन परिवार की जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई के खर्च पूरे करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस कठिन परिस्थिति से उबरने के लिए इश्वरी ने महिला स्व-सहायता समूह का सहारा लिया और अपने जीवन को बदलने की ठानी। इश्वरी उन दिनों को याद करते हुए बताई की उस समय बड़ी मुश्किल से हमारा घर चलता था। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए हम महीनों से पैसे इक्कठे करते थे तब जाकर हमारी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर पाते थे। इश्वरी ने बताया की बिहान से जुडऩे के बाद मेरे अन्दर एक आत्मविश्वास जगा है, आज मैं अपनी बात सबके बीच रख पाती हूँ।

समूह से जुडऩे के बाद इश्वरी ने सीआईएफ की राशि का उपयोग कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। उन्होंने कृषि कार्य, फैंसी दुकान संचालन और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। इसके अलावा वे बीसी सखी के रूप में भी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

इश्वरी आज अपनी मेहनत और लगन से अलग-अलग स्रोतों से एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रही है। इश्वरी को कृषि कार्य से 35 हजार रुपए, फैंसी दुकान से 60 हजार और मध्यान्ह भोजन योजना से 24 हजार रुपए तक की आमदनी हो रही है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के महतारी वंदन योजना से भी हर महीने एक हजार रूपये प्राप्त हो रहा है। आज इन सभी आय स्रोतों से उनकी आर्थिक स्थिति पहले से कहीं बेहतर हो गई है। अब उनके बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी नहीं आती और परिवार का जीवन स्तर पहले से अधिक बेहतर हो गया है।

इश्वरी मरकाम की सफलता महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि जब महिलाओं को सही अवसर और संसाधन मिलते हैं, तो वे अपने जीवन को आत्मनिर्भरता और सफलता की ओर ले जा सकती हैं।